तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 14.0 डिग्री

# हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, सोमवार 29 जनवरी 2024

[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]

10 राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर नए मतदाताओं को परिचय पत्र देकर किया स्वागत



10 नया कानून दण्ड संहिता से न्याय के लिए नए युग का आगमन : शशिमोहन



## खबर संक्षेप

### बस्तर के 2 कर्मी को प्रदेश स्तर पर सम्मानित



**जगदलपुर।** विद्युत कंपनी के जगदलपुर क्षेत्र में कार्यरत दो कर्मचारियों को प्रदेश स्तर पर कंपनी के गणतंत्र दिवस में रायपुर स्थित कार्यक्रम में कंपनी के एमडी ने पुरस्कृत किया। जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर ने बताया कि ट्रांसमिशन कंपनी के मीटर रिले परीक्षण संभाग जगदलपुर में पदस्थ परिचारक श्रेणी एक केशबो लाल नेताम को 132 केव्ही उपकेंद्र सुकमा के 33 केव्ही छिंदगढ़ फीडर एवं 132 केव्ही उपकेंद्र बीजापुर के 33 केव्ही गंगलूर फीडर के पेनल वायरिंग को नियत समय में पूर्ण करने अवार्ड दिया गया। वितरण केन्द्र आमाबोड़ा (जगदलपुर) में कार्यरत राजूराम शोरी को वनांचल ग्रामों में बाधित विद्युत अवरोध को तत्काल सुधार, ट्रांसफार्मर फेलुअर रेट को कम करने व बकाया वसूली हेतु उल्लेखनीय कार्य के लिए पुरस्कार दिया गया।

### बाजार में टमाटर व भिंडी हुआ महंगा

**जगदलपुर।** शहर के साप्ताहिक बाजार परिसर में सब्जियों से भर गया, जहां शहरीय के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के खरीदार सब्जी लेने पहुंच रहे हैं। बाजार में टमाटर एवं भिंडी महंगे होने से खरीददार परेशान दिखे। प्याज की आपूर्ति मुख्य रूप से महाराष्ट्र नासिक, अहमदानगर और इंदौर से हो रही है, इसलिए प्याज की दर बढ़ने की संभावना है। बाजार में टमाटर 20, फूलगोभी 30, पत्तागोभी 20, शिमला मिर्च 100, हरी मिर्च 50, भिंडी 80, भट्टा 50, बरबटी 80, करेला 80, आलू 20, लालभाजी, पालकभाजी एवं मैथी 20 रुपए में 22 जूड़ी में बिक रही है।

### चीतापुर ने डिमरापाल को हराकर बना चैम्पियन

**जगदलपुर।** दरभा ब्लॉक के ग्राम पंचायत चीतापुर में जिला स्तरीय क्रिकेट मैच संपन्न हुआ। क्रिकेट मैच में 32 टीम ने भाग लिया जिसमें विजेता ग्राम चीतापुर और द्वितीय डिमरापाल रहा। प्रथम पुरुस्कर 31000 और ट्रॉफी, द्वितीय पुरस्कार 15000 और ट्राफी था। प्रथम पुरुस्कार विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष लखिधर बघेल, जिला मंत्री हरि साहू के हाथों दिया गया। द्वितीय पुरस्कार दरभा जनपद पंचायत जानकी राव, चितापुर-1 सरपंच चेतुराम कश्यप, चितापुर-2 सरपंच बशीधर कश्यप, डीलमिली-2 सरपंच दुर्जन कश्यप के हाथों दिया गया। इस दौरान मंडल उपाध्यक्ष महादेव नाग, महामंत्री देवी सिंग बेंजाम, जनपद सदस्य सामदेव नाग, पूर्व जनपद सदस्य मेघनाथ कश्यप, पीलाराम शेट्टी, हीरालाल नाग, लखमू नाग, तुलाराम कश्यप, समादेव कश्यप एवं पंच, पटेल, मांझी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# लामनी पार्क में पर्यटकों के लिए होगी बैलगाड़ी व साइकिल यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर से 6 किमी दूर स्थित लामनी पार्क में लगातार पर्यटकों की संख्या बढ़ रही है, जिसके चलते वन विभाग की ओर से शीघ्र ही पार्क में पर्यटकों के लिए बैलगाड़ी एवं सायकलिंग यात्रा शुरू की जाएगी। पार्क में वर्तमान में तीरथगढ़ का झरना पर्यटकों को लुभा रहा है, लामनी पार्क में विशाखापटनम के कारीगरों ने वर्ष 2010-11 में लगभग 8 लाख रुपए की लागत से झरना बनाया। दूसरी ओर घुड़सवारी के लिए पर्यटकों के बच्चों की कतार लग रही है। पार्क में गणतंत्र दिवस पर सुबह से शाम तक पर्यटक रहे, जिससे दिन भर में 4598 पर्यटक पहुंचे और इससे 91 हजार 850 रूपए का राजस्व मिला। इसके अलावा पार्क में पक्षियों के घरौंदा में

अलग खबर

**पार्क में पर्यटकों को लुभा रहा तीरथगढ़ का झरना**







### पर्यटकों का है ध्यान

वन विभाग के मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता ने बताया कि लामनी पार्क में पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिससे पर्यटकों की सुविधा के लिए पार्क में शीघ्र ही बैलगाड़ी एवं सायकलिंग यात्रा की जाएगी। पार्क में वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी पर्यटकों की सुविधा का ध्यान दे रहे हैं।

पक्षियों को पर्यटकों ने देखा। विभाग के वनपाल उदयनाथ सिंह के नेतृत्व में स्व-सहायता समूह की महिलाएं पर्यटकों की सुविधा के शाम तक जुटे रहे। हालांकि प्रत्येक सप्ताह के शनिवार, रविवार एवं छुट्टी के दिन पर्यटक पहुंच रहे हैं। परिक्षेत्र अधिकारी देवेंद्र सिंह वर्मा ने बताया कि विभाग की ओर से पक्षियों का घरौंदा और पार्क की साफ-सफाई एवं चिड़ियों को दाना देने का कार्य स्व-सहायता समूह की महिलाएं कर रही हैं।

### पार्क की आय बढ़ाने का प्रयास

विभाग के एसडीओ देवलाल दुग्गा ने पार्क के प्रभारी को निर्देश दिया कि पार्क में पहुंचने वाले पर्यटकों का ध्यान दें, जिससे पार्क की आय बढ़ सके। साथ ही चिड़ियों को दाना एवं साफ-सफाई समय पर करें।

## पीएम उवाच : राष्ट्रीय सम्मान के प्रति बढ़ी विश्वसनीयता : केदार

# मन की बात प्रेरणादायी कार्यक्रम का सामाजिक जीवन में विशेष महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



वनमंत्री केदार कश्यप ने करन्दोला बूथ क्रमांक 241 में प्रधानमंत्री के मन की कार्यक्रम को सुना और कहा कि पूरे देशवासियों के लिए यह एक प्रेरणादायी कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि एक समय देश में राष्ट्रीय पुरस्कार के प्रति लोगों की विश्वसनीयता खत्म हो रही थी। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने पिछले दस वर्षो् में देश के कोने कोने से उन महान विभूतियों को खोज निकालने का कार्य किया जिन्होंने अपने सामर्थ्य के अनुसार त्याग तपस्या के माध्यम से समाज को नई दिशा देने का कार्य किया। नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के वैद्यराज हेमचंद मांझी को पारंपरिक चिकित्सा के क्षेत्र में पद्मश्री प्रदान किया गया है। यह हमारे क्षेत्र और पूरे प्रदेश के लिए गौरव की बात है।

■ करन्दोला में मन की बात कार्यक्रम में शामिल हुए वनमंत्री

अंगदान करने वाले लोग समाज जीवन में अपने दायित्व को निभा रहे है। मोदी के मन की बात का अंश साझा करते हुए वनमंत्री ने बताया कि समाज जीवन में लोग अपने दायित्यों को निभा रहे हैं। अंगदान के क्षेत्र में लोगों का पहल हो रहा है। मोदी जी ने बताया कि अब एक वर्ष के भीतर पूरे देश में 15000 से अधिक लोग अंगदान कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने उन परिवारों की सराहना की जिनके परिवार के लोग अंगदान करने वाले व्यक्ति के फैसले को स्वीकार करते हैं। उन्होंने कहा कि बहुत से संगठन इस दिशा में प्रेरक कार्य कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ की अनूठी पहल, हमर हाथी हमर गोठ का जिक्र करते प्रधानमंत्री ने मन की बात में श्रोताओं को बताया कि छत्तीसगढ़ के अम्बिकापुर, बिलासपुर, रायपुर, रायगढ़ हमर हाथी हमर गोठ रेडियो कार्यक्रम के माध्यम से हाथियों के संबंध में जानकारी प्रसारित की जाती है। मोदी ने इसे अनुकरणीय पहल बताते हुए कहा कि हाथी का झुंड किस क्षेत्र में गुजर रहा है? कितनी संख्या में है? इसकी जानकारी लोगों को रेडियो के माध्यम से मिल जाती है। जिससे क्षेत्र के लोग सावधान हो जाते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि देश के अन्य राज्यों में ऐसा प्रयोग किया जा सकता है।

### बड़ी संख्या में लोगों ने सुना मिला मार्गदर्शन

वन मंत्री ने कहा कि मन की बात एक गैर राजनीतिक कार्यक्रम है। जिसमें प्रधानमंत्री देश के लोगों के प्रेरणादायी कार्य और उनके उपलब्धियों को पूरे देशवासियों के समक्ष प्रस्तुत करते हैं। देश के लोगों को इस कार्यक्रम के माध्यम से समाज के लिए कुछ बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। हमारा प्रयास होगा कि अधिक से अधिक लोग इस कार्यक्रम से जुड़ें।

# नपं. व जनपद अध्यक्षों के रहते भाजपा मंडल अध्यक्ष को बनाया मुख्य अतिथि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

26 जनवरी को हाईस्कूल मैदान में मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत भोपालपटनम की अध्यक्ष निर्मला मरपल्ली, नगर पंचायत अध्यक्ष रिकी कोरम सहित पार्षद एवं अन्य निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की उपस्थित होते हुए भी आयोजन समिति द्वारा भोपालपटनम भाजपा के मण्डल अध्यक्ष वेंकटेश्वर यालम को मुख्य अतिथि बनाकर समारोह में उपस्थित जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा कर अपमानित किया गया। पत्रवार्ता में जनप्रतिनिधियों ने आरोप लगाते हुए कहा कि आयोजन समिति द्वारा मुख्य कार्यक्रम में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा कर राष्ट्रीय पर्व का अपमान किया गया हैं। हम जानना चाहते हैं कि किसी निर्वाचित जनप्रतिनिधि को कार्यक्रम का मुख्य अतिथि क्यों नहीं बनाया गया। इनके स्थान पर किसी अन्य व्यक्ति को मुख्य अतिथि किस आधार पर बनाया गया, जिसे मुख्य अतिथि बनाया गया क्या वह किसी संवैधानिक पद पर हैं। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि कार्यक्रम में महिला प्रतिनिधियों के होते हुए भी आयोजन समिति ने उपेक्षा कर महिलाओं का भी अपमान किया हैं।

■ जनप्रतिनिधियों ने विरोध करते जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की

जनप्रतिनिधियों ने मांग करते कहा कि जल्द से जल्द आयोजन समिति के जिम्मेदारों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही किया जाए अन्यथा जनप्रतिनिधि समस्त सरकारी आयोजनों का बहिष्कार करेंगे। प्रेसवार्ता के दौरान बसंत ताटी, रमेश पामभोई, कामेश्वर गौतम, वल्वा मदनैया, संतोष बोरे, सुनील गुरला, सुखना, सवलम सहित नगर पंचायत भोपालपटनम के पार्षदगण उपस्थित थे।

# अय्यप्पा मंदिर महोत्सव में विविध अनुष्ठान होंगे 2 तक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अय्यप्पा मंदिर का 37 वां वार्षिक महोत्सव रविवार की सुबह पल्ली उणर्तल, निर्माल्य दर्शन, अभिशेक गणपति होमम चतुर्शुद्धि धारा, पंचगव्यम, कलश पूजा, कलश अभिषेक मध्यान्ह पूजा के साथ प्रारंभ किया गया। केरल से आए पंडित मोहन तिरमेनी एवं अजेश तिरमेनी के मार्गदर्शन में दो अन्य पंडित एवं स्थानीय पंडित के साथ पूजा विधान संपन्न कराया गया। विशेष पूजा में नवग्रह पूजा, कलश पूजा एवं शनिदोष निवारण पूजा संपन्न करवाया गया। शाम को आरती के पश्चात ध्वजारोहण का कार्यक्रम संपन्न कराया गया। ध्वज समर्पण आरके वारियर द्वारा किया गया। केयूके नायर ने अन्नपूर्णेश्वरी देवी के लिए पीतल एवं कांसा से बने आमा दान के रूप में चढ़ाया गया। ध्वजारोहण के पश्चात धान समर्पण, नैवेछ पूजा, मुतवली विल्लक आदि पूजा संपन्न कराया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए और भगवान का प्रसाद ग्रहण किया। पूजा विधान के समय केरल से आए 6 वादक द्वारा चेण्डावादम किया गया। वार्षिक उत्सव कार्यक्रम 2 फरवरी को शोभायात्रा के साथ संपन्न होगा।

# इन्द्रावती जल समस्या के निराकरण के लिए मुख्यमंत्री का ध्यान किया आकर्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से इंद्रावती बचाओ अभियान के सदस्यों ने मुलाकात कर मांगपत्र सौंपा तथा इंद्रावती जल समस्या के निपटारे के लिए पहल करने का आग्रह किया। इंद्रावती जल समस्या के बारे में विस्तृत जानकारी देने के साथ केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री विश्वेश्वर टुडू के जोरा नाला दौरा करने व उन्हें समस्या से अवगत कराने की बात भी बताई। यह मांग भी की कि बस्तर को उसके हक का जल मिलना चाहिए, बस्तर के 200 से ज्यादा गांव इंद्रावती पर निर्भर है। जोरानाला स्ट्रक्चर के गलत निर्माण व उड़ीसा के असहयोग के कारण इंद्रावती संकट में हैं। छत्तीसगढ़-उड़ीसा सीमा पर सीडब्ल्यूसी की गेज साइट बनाई जाये, दोनों राज्यों के मध्य 1975 में हुए समझौते की पुनः समीक्षा की जाये, जोरानाला स्ट्रक्चर की निगरानी, रेत आदि हटाने, रख रखाव के लिए दोनों राज्यों के मध्य करार हो, बस्तर में जल संचयन के लिए लंबित परियोजनाओं पर कार्य प्रारम्भ हो। मुख्यमंत्री ने इंद्रावती व महानदी दोनों के निराकरण के लिए शीघ्र पहल करने की बात कही। इस दौरान किशोर पारख, दशरथ कश्यप, रोहित बैस, रत्नेश बेंजामिन, डॉ प्रदीप पांडे, सुनील खेदुलकर समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे।

■ इन्द्रावती बचाओ अभियान के सदस्य सीएम से मिले

# लंबे समय से एक ही जगह पदस्थ सुपरवाइजर हटाए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



महिला एवं बाल विकास विभाग में लंबे समय तक एक ही जगह परियोजना में पदस्थ आईसीडीएस सुपरवाइजर (पयर्वेक्षक) को हटाया जाएगा। परीक्षण व जांच में यदि इसकी पुष्टि होती है तो नियमतः कार्रवाई की जाएगी। यह बात महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजबाड़े ने कही।

सुकमा रवाना होने के पूर्व बस्तर दौरे में पहली बार बस्तर पहुंची। उन्होंने विभागीय समीक्षा बैठक के पूर्व पत्रकारों से रूबरू हुई। रविवार को सर्किट हाऊस में उन्होंने कहा कि भाजपा शासनकाल में ही महिला स्वसहायता समूह का गठन हुआ था और उन्हें रेडी टू ईट के माध्यम से रोजगार भी दिया गया था, लेकिन कांग्रेस की सरकार ने समूह से यह काम छिनकर बीज निगम को सौंपा था। अब भाजपा की सरकार सत्ता में आयी है और फिर से महिला समूह को रेडी टू ईट का काम दिया जाएगा, इस दिशा में विचार किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि कुपोषण को लेकर अभियान चलाया गया है और बस्तर में सालभर में 3 प्रतिशत की गिरावट आयी है। वर्ष 2022 में कुपोषण 28.44 प्रतिशत रहा, जो 2023 में 25 प्रतिशत था। विभाग द्वारा कुपोषण को लेकर योजनाएं संचालित की जा रही है और उन योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को मिल रहा है।

बस्तर जिले में 7193 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना का लाभ मिला है। महतारी वंदन योजना की शुरूआत जल्द होगी और महिलाओं को इस योजना का लाभ मिलेगा। इस दौरान भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत, चम्पादेवी वारले, सुधा मिश्रा, जिला पंचायत के सीईओ प्रकाश सर्वे, एसडीएम भरत कौशिक, महिला एवं बाल विकास के जिला कार्यक्रम अधिकारी अरुण पांडे, बाल संरक्षण अधिकारी विजय शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

**खास बातें**

- ■ महिला एवं बाल विकास मंत्री ने मामले को गम्भीरता से लेते कहा परीक्षण व जांच कर कार्रवाई होगी
- ■ बस्तर में 28 .44 फीसदी कुपोषण में 3 फीसदी की कमी
- ■ रेडी-टू-ईट का कार्य फिर से महिला स्व सहायता समूह को सौंपने पर विचार

## छात्रों ने परब, कर्मा और बारहमासी नृत्यों की दी प्रस्तुति

# 6 विद्यार्थियों का प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो से सम्मान




**जगदलपुर।** 26 जनवरी को एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय तोकापाल धुरगुड़ा में छात्रावास दिवस एवं वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आदिवासी परंपरा से संबंधित परब, कर्मा, बारहमासी, कृष्ण भक्ति, मराठा और गुजराती नृत्य सहित भरतनाट्यम एवं अलग अलग विधाओं का प्रस्तुतीकरण किया गया। खेल महोत्सव 2023-24 में राष्ट्रीय स्तर में चयनित विद्यालय के 6 विद्यार्थी कक्षा 9वीं की बालिकाएं सोनादई कश्यप, सुकलदाई पोयमी, वंदना कश्यप, कक्षा 10वीं की सुष्मिता कश्यप, तुलेंद्री कश्यप, चिंता नाग को प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो और विद्यालय के कुछ विद्यार्थियों कक्षा 10वीं की छात्राएं परमिला कश्यप, जान्हवी नाग, निर्मला मोर्य का चयन साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन में जनरल नॉलेज के संभाग स्तरीय 2023-24 में भी हुआ, जिन्हे पुरुस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि सुब्रतो विश्वास जनपद सदस्य, विशिष्ट अतिथि सुरेश गुप्ता नगर मंडल अध्यक्ष, अमित भाटिया सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग, पुनीत साहू बूथ अध्यक्ष, हल्बा कचोरा भाजपा नगर मंत्री अभय दीक्षित, दर्शन कौर भाटिया, सुधीर दुबे प्रशासकीय अधिकारी, तुलादास मानिकपुरी, लुदर्शन कश्यप, गणेश नागवंशी, प्रवीण श्रीवास्तव, शिवसिंह चंदेल सहित प्राचार्य राजेश गुप्ता, अधीक्षक, अधीक्षिका, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

■ एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय धुरगुड़ा में छात्रावास दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान :** कार्यक्रम में कक्षा 6वीं से 10 वीं तक के विद्यार्थी प्रतिभागी रहे। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। अतिथियों ने अपने संबोधन में बच्चों को शिक्षा के साथ सभी क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए मार्गदर्शन किया।

online Booking:-www.tripuryatra.com

सबसे कम राशि पर

स्लीपर मात्र 18,500/-



चार धाम यात्रा

श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश

By Train-रिजर्वेशन कोच

07 मई से 20 मई 2024, 09 मई से 22 मई 2024, 11 मई से 24 मई 2024, 13 मई से 26 मई 2024, 15 मई से 28 मई 2024, 17 मई से 30 मई 2024

राशि:-स्लीपर-18500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)

छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा

संपर्क करें:-7354-411411

## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9424293029, 9131893124

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर नए मतदाताओं को परिचय पत्र देकर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

शहीद गुण्डाधूर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय मतदान दिवस के अवसर पर समारोह का आयोजन किया गया। यहां जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर कुणाल दुदावत ने मतदाताओं को लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई। इसके साथ ही नए मतदाताओं का स्वागत मतदाता परिचय पत्र देकर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर श्री दुदावत ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि मतदान हर नागरिक का कर्तव्य है।

### इन को मिला सम्मान

स्वीप कार्यक्रम के तहत उत्कृष्ट कार्य के लिए चौतू गायता आलोर शासकीय महाविद्यालय फरसगांव में स्वीप कार्यक्रम की नोडल ऑफिसर सीमा बघेल, फोटोयुक्त मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कौंदकेरा के बुथ लेवल ऑफिसर हेमंत कुमार साहू, माकड़ी के बुथ लेवल ऑफिसर दुर्गेश कश्यप, उच्च शैक्षणिक संस्थाओं में स्वीप गतिविधियों के संचालन में सहयोग के लिए शहीद गुण्डाधूर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंडागांव के कैम्पस एंबेसडर मुकेश कुमार पोयाम, और देवेन्द्र कुमार सेठिया, महेश बघेल शासकीय दण्डकारण्य महाविद्यालय केशकाल के ब्रांड एंबेसडर नवीन और कु. चंद्रकला, चौतू गायता आलोर शासकीय महाविद्यालय की कुमारी इन्दु प्रीतम और आशीष नेताम को सम्मानित किया गया।

### कलेक्टर पहुंचे शासकीय महाविद्यालय




**मौजूद रहे ये** इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर मनोज केसरिया, अनुविभागीय दण्डाधिकारी सुश्री निकिता मरकाम, शहीद गुण्डाधूर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य सीआर पटेल, भूतपूर्व सैनिक सूरज यादव, सुब्रत राय, स्वीप आइकॉन आरके जैन, डॉ जयमति कश्यप, मास्टर ट्रैनर वेणुगोपाल राव, शशिभूषण कन्नौजे सहित बड़ी संख्या में नए मतदाता और महाविद्यालय के विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

देश के नागरिकों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने और उसके लिए जागरूक करना ही राष्ट्रीय मतदाता दिवस का उद्देश्य है। भारत निर्वाचन आयोग की स्थापना दिवस के अवसर पर हर साल देश में 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है।

**भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र :** कलेक्टर ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, जहां हर वयस्क नागरिक को बिना किसी भेदभाव के मतदान का अधिकार दिया गया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सभी लोगों को मतदान का अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी कड़ी में बुजुर्ग और दिव्यांगों को भी घर में ही मतदान की सुविधा प्रदान करने का कार्य प्रारंभ किया गया है। उन्होंने इस अवसर पर नए मतदाताओं को नाम जुड़वाने तथा स्थानांतरण की स्थिति में नाम को नए मतदान केन्द्र में स्थानांतरित करवाने की अपील की। लोकसभा चुनाव में सबसे अधिक मतदान करने वाला जिला बनाने की अपील की।

## खबर संक्षेप

### सर्वसम्मति से हरीश साहू समाज के अध्यक्ष मनोनीत



**फरसगांव।** फरसगांव नगर के साहू समाज ने सर्व सहमति से फरसगांव नगर साहू समाज के लिए नगर अध्यक्ष के रूप में हरिश साहू को चुना गया। जिसमें उपाध्यक्ष टेमन साहू, सचिव पवन साहू, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश साहू को चुना गया है। विदित हो आगामी दिनों बड़ेडोंगर के पावन धरा मां दंतेश्वरी मंदिर परिसर में तहसील साहू समाज द्वारा वार्षिक महासभा होना है। उसी दिन ही सभी नव पदाधिकारियों को शपथ दिलाई जाएगी।

### वार्षिकोत्सव में शामिल हुए विधायक नीलकंठ



**केशकाल।** बड़ेराजपुर ब्लॉक अंतर्गत संचालित स्वामी आत्मानन्द शासकीय इंग्लिश मीडियम स्कूल बांसकोट में शनिवार को प्रथम वार्षिकोत्सव का आयोजन किया, जिसमें मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक नीलकंठ टेकाम थे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक ने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद और इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होते रहना चाहिए, क्योंकि बच्चों में सर्वांगीण विकास तभी संभव है, जब बच्चे पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद और अन्य कार्यक्रमों में अपनी भागीदारी देंगे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप के श्यामा साहू जनपद पंचायत उपाध्यक्ष, ग्राम सरपंच रमल नेताम और कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे। शाला समिति के अध्यक्ष योगेश सिन्हा इसके साथ ही समिति के समस्त सदस्य भी कार्यक्रम में उपस्थित थे। सेजेस बांसकोट के प्राचार्य अमरसिंह नेताम ने कहा कि आज का यह वार्षिकोत्सव कार्यक्रम को करने का हमारा एक ही मुख्य उद्देश्य है कि बच्चों के अंदर छुपी हुई कला को प्रदर्शित करना साथ ही पढ़ाई के साथ साथ बच्चों के कला का प्रदर्शन भी जरूरी है। कार्यक्रम का संचालन तोषन कुमार साहू और नेहा शर्मा ने किया। साथ ही कार्यक्रम को सफल बनाने में सेजेस के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं की भूमिका रही।

### श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



**धनोरा।** धनोरा में शिव महापुराण कथा एवं रुद्रमहाभिषेक में श्रद्धालु भक्त जनो की भीड़ उमड़ने लगी है। पहली बार बड़े व्यापक तैयारी के साथ श्री शिवपुराण कथा का श्रवण करने दूर-दूर से भक्तजनों का आगमन होने लगा है। कथा का प्रथम दिवस 27 जनवरी को बड़ी संख्या में महिलाओं द्वारा मंगल कलश यात्रा निकाली गई है और कलश वेदी पूजा शिव पुराण तथा रुद्रमहाभिषेक कथा का श्रवण लाभ अर्जित किया गया। द्वितीय दिवस रविवार शिवलिंग की उत्पति उपासना कथा का लाभ झाकी दर्शन के साथ भक्तों को प्राप्त हुआ भिलाई से पधारे भागवताचार्य श्री नारायण स्वामी महाराज के मुखार से हो रहे संगीतमय भी शिव पुराण कथा से पूरे धनोरा का वातावरण भक्तिमय हो गया।

## अपराध : जगदलपुर-केशकाल पर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर की कार्रवाई

# ढाई लाख का गांजा समेत कार किया जब्त दो अंतरराज्जीय तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल/कोण्डागांव।

जिला कोंडागांव पुलिस के द्वारा लगातार अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में 26 जनवरी को केशकाल पुलिस को सूचना प्राप्त हुई की एक ग्रे कलर का स्वीफ्ट डिजायर कार में कुछ लोग अवैध मादक पदार्थ गांजा छिपा कर ओडिशा से रायपुर की ओर जगदलपुर केशकाल के रास्ते से जाने वाले है।

### कार हुई जब्त

सूचना पर कैम्प दादरगढ के सामने एनएच 30 पर नाके बंदी कर संदिग्ध वाहन का इंतिजार किया। मुखबिर के बताये अनुसार स्विफ्ट डिजायर कार में अवैध मादक पदार्थ गांजा को बिक्री करने के लिए अपने डिक्की के अंदर भरकर रखा हुआ भूरे रंग के सेलोटेप से पैक किया हुआ 04 पैकेट अवैध मादक पदार्थ गांजा कुल वजन 23.115 किलोग्राम गांजा कीमत करीबन 2 लाख 31 हजार 1 सौ 50 रुपये एवं ग्रे कलर का स्विफ्ट डिजायर कार कीमत लगभग 6 लाख कुल मसरूका 831150 आठ लाख इकतीस हजार एक सौ पचास रुपए को बरामद कर दोनो आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार किया गया।




### आरोपी रीवा व प्रयागराज के निवासी

मध्यप्रदेश के अंर्तराज्यीय गांजा तस्कर मनीष पाण्डेय एवं अवनीश सिंह से 23.115 किलोग्राम गांजा कीमत करीबन 2 लाख 31 हजार 1 सौ 50 रुपए एवं ग्रे कलर की स्विफ्ट डिजायर कार कीमत लगभग 6 लाख कुल मशरूका 831150 रुपए को केशकाल पुलिस ने किया बरामद। आरोपी मनीष पाण्डेय पिता बाबूलाल पाण्डेय जिला रीवा (मध्य प्रदेश) व अवनीश सिंह पिता स्व. सरदार सिंह जाति सिंगरोलिया उम्र 28 वर्ष जिला प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) के है।

**टीम में शामिल रहे ये :** सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी सौरभ उपाध्याय, सउनि हेमन्त कुमार देवांगन, प्रआर. अजय बघेल, आर. जितेन्द्र माहला, शंभू मण्डावी, अमित मण्डावी, डीएसएफ. सूर्यप्रसाद मरकाम, गोपनीय सैनिक रवि तुस्तुरिया की अहम भूमिका रही।

## क्षणिक आवेश में हुई हत्या, आरोपी को अजीवन कारावास एवं अर्थदण्ड की सजा

**कोण्डागांव।** इस प्रकरण में शासन की ओर हेमंत गोस्वामी, अतिरिक्त लोक अभियोजक ने पैरवी की। प्रकरण के संबंध में अतिरिक्त लोक अभियोजक हेमंत गोस्वामी ने बताया कि आरोपी रसुल कश्यप पर भारतीय दण्ड संहिता की धारा 302 के अंतर्गत यह आरोप है। उसने आज से लगभग तीन साल पूर्व घटना 10 सितंबर 2020 को सुबह लगभग 11:00 बजे थाना मर्दापाल, कोण्डागांव क्षेत्रतर्गत घटना ग्राम झरनपारा, ढोलमुंदरी, मृतक के घर बाडी किनारे में जगनु कोर्राम को लकडी के डण्डे से दाहिने कनपटी, सीने एवं कमर में मारपीट कर उसकी हत्या कर दी थी। प्रकरण के संबंध



लोक अभियोजक हेंमत गोस्वामी ने बताया कि अर्जन कश्यप को मृतक जगनु कोर्राम द्वारा लकडी–डण्डा से मारने पर आरोपी रसुल कश्यप उत्तेजित हो गया और आवेश में आकर जगनु कोर्राम को लकडी डण्डा से सिर, कनपटी में तथा शरीर के अन्य अंगों में भी मारा। जिससे उसकी मृत्यु हो गई। संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया। कोण्डागांव जिले के अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमती पीपॉल होरो ने प्रकरण के समस्त तथ्यों एवं परिस्थितयों पर विचार उपरांत आरोपी को धारा 302 भा.दं.सं. के आरोप में आजीवन सश्रम करावास एवं एक हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अर्थदण्ड की राशि अदा होने के व्यतिक्रम पर 03 माह के अतिरिक्त सश्रम कारावास पृथक से भुगताने का निर्णय पारित किया।

# डबल इंजन की सरकार लाने भाजपा जुटी चुनावी तैयारियों में



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव।

कोंडागांव भाजपा के क्षेत्रीय संगठन मन्त्री अजय जामवल व संगठन महामंत्री पवन साय व भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बस्तर संभाग के सातों जिलों के भाजपा पदाधिकारियों की कोंडागांव जिला मुख्यालय में स्थित ऑक्शन हाल में बैठक सम्पन्न हुयी। जिसमें लोक सभा चुमाव के लिए सभी पदाधिकारियो के साथ राय सुमारी की और कहा कि आगामी दिनों में लोक सभा चुनाव होना है। इसके लिए सभी पदाधिकारी अभी से जुट जाएं।

साथ आगे कहा कि प्रदेश की सरकार अनेक जनकल्याणकारी योजनाये संचालित की है, उन योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुचाने का लक्ष्य होना चाहिए। इसी तरह केंद्र सरकार ने देश की आम जनता के लिए पिछले 9 सालों में अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित किया है। भाजपा के जन कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुचाना है।



**केन्द्र में फिर लाना है बीजेपी सरकार :** भाजपा राष्ट्रीय राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेंडी ने कहा कि केन्द्र में भाजपा की सरकार बनाना है, तभी डबल इंजन की सरकार होगी। केन्द्र की भाजपा सरकार ने आज देश को विश्व के विकसित देशों के कतार में खड़ा किया है। देश आज चहुमुखी विकास पर है। भाजपा का लक्ष्य आम लोगों की सेवा करना है। इस दौरान राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों ने चुनाव तैयारी के टिप्स भी दिए। इस दौरान कलस्टर प्रभारी अजय चंद्राकर, वन मंत्री केदार कश्यप, लोक सभा प्रभारी महेश जैन, श्रीवास मद्दी, सहित सातों जिला के जिलाध्यक्ष, विधानसभा सभा प्रभारियों, सयोजकों, प्रदेश पदाधिकारी व भाजपा के सभी मोर्चा के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# कुसुम एवं सिया मेडिकल स्टोर का लायसेंस अस्थाई निलंबित



**कोण्डागांव।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा कुसुम मेडिकल एवं सिया मेडिकल स्टोर का लायसेंस निलंबित कर दिया गया है। वहीं सिटी फार्मा के संचालक को भविष्य के लिये सचेत करते हुए चेतावनी पत्र जारी किया गया है। कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार एवं उपसंचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन डॉ आरके सिंह के मार्गदर्शन में 18 जनवरी को औषधि विभाग, पुलिस विभाग एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने कोण्डागांव शहर में संचालित मेडिकल स्टोर का औचक निरीक्षण किया ।

कुसुम मेडिकल स्टोर, सिया मेडिकल स्टोर एवं सिटी फार्मा में औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन सामाग्री अधिनियम 1940 एवं नियमावली 1945 के तहत अनियमितताएं पायी गई थी। कुसुम मेडिकल स्टोर में नार्कोटिक दवाइयों के खरीदी बिक्री दस्तावेजों के संधारण में एवं सिया मेडिकल एवं सिटी फार्मा में शेड्यूल एच1 एवं बिल बुक दस्तावेजों में गड़बड़ी पाई गई , जिसके लिये तीनों फर्म के संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया था।

**कुसुम मेडिकल 15 दिवस व सिया का 5 दिन के लिए निलम्बन :** जवाब संतोषप्रद न होने पर औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी ने इस कृत्य को गंभीर लापरवाही मानते हुए फर्म कुसुम मेडिकल स्टोर का ड्रग लायसेंस 15 दिवस के लिए निलंबित किया है। साथ ही फर्म के द्वारा कोडिनयुक्त एवं अन्य सभी प्रकार के एन आर एक्स दवाइयों के क्रय विकय को आगामी आदेश तक प्रतिबंधित किया है। फर्म के संचालक को पूर्व में खरीदे गये सभी एन आर एक्स दवाईयों के स्टॉक को वापस करने के भी निर्देश दिये हैं। अगली कार्यवाही में सिया मेडिकल स्टोर के ड्रग लायसेंस को भी स्पष्टीकरण सही नहीं पाये जाने पर 5 दिवस के लिये निलंबित किया गया है।

# नया कानून दण्ड संहिता से न्याय के लिए नए युग का आगमन : शशिमोहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नए कानून को लेकर पुलिस ऑडिटोरियम स्थित शौर्य भवन में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया था। कार्यशाला में 132 अधिकारी व जवान शामिल हुए। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए बस्तर एसपी शशिमोहन सिंह ने कहा कि नया कानून का दण्ड संहिता से न्याय संहिता होना नए युग का आगमन है। यह कानून नागरिक हितैषी है जो हमें संवेदनशील पुलिसिंग की ओर बढ़ने का संदेश देता है। रविवार को आयोजित कार्यशाला में में उप



संचालक अभियोजन आरके मिश्रा, एडीपीओ प्रमोद धृतलहरे व एडीपीओ टीआर भारती के द्वारा नये कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य संहिता के संबंध में एक दिवसीय जिला स्तरिय क्षमता विस्तार कार्यशाला का आयोजन किया गया था। यह आयोजन एसपी शशीमोहन सिंह की उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में भारतीय न्याय संहिता 2023 एवं भारतीय दण्ड संहिता 1860 की धाराओं से प्रारुप में भिन्नता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं दण्ड प्रक्रिया संहिता 1898 से प्रारुप में भिन्नता व भारतीय साक्ष्य संहिता 2023 से भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 से प्रारुप में भिन्नता के सबंधं में आयोजित की गई थी। इस कार्यशाला में प्रशिक्षण में एएसपी स्तर के अधिकारियों से लेकर प्रधान आरक्षक स्तर के कुल 132 अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यशाला के समापन में एसपी बस्तर ने अपने उद्बोधन में कहा कि शब्द दण्ड संहिता से न्याय सहिता होना ही अपने आप में एक नये युग का आगमन है जो नागरिक हितैषी है और हमें और संवेदनशील पुलिसिंग की ओर बढ़ने का संदेश देता है।

## पूर्व सैनिक को तिरंगा ओढ़ाकर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव ने दी श्रद्धाजलि

**कोण्डागांव।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के वरिष्ठ सदस्य पूर्व सैनिक चमरा राम मरकाम का 65 वर्ष की आयु में निधन हो गया। पूर्व सैनिक मरकाम 1978 में आर्टिलरी रेजिमेंट में भर्ती हुए थे और 1998 में सेवानिवृत्त हुए और उसके बाद बैंक ऑफ बडौदा में भी अपनी सेवाएं देकर 60 वर्ष की आयु में सेवानिवृत हुए। दाह संस्कार कार्यक्रम में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के सदस्य और जिला सैनिक कल्याण कार्यालय अधिकारी उनके



गृहग्राम लंजोडा पहुंचे और तिरंगा झंडा ओढाकर उन्हें सलामी देकर उन्हें श्रद्धांजलि दिया।

## यातायात नियमों का पालन करने वालों को युवोदय स्वयंसेवकों ने दिए फूल और चॉकलेट



**कोण्डागांव।** सडक सुरक्षा माह के अंतर्गत युवोदय कोंडानार चौंप्स के स्वयंसेवकों ने आज कोण्डागांव जिले के फरसगांव में सडक सुरक्षा गतिविधियों का संचालन किया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता फैलाना था। यह कार्यक्रम कलेक्टर कुणाल दुदावत एवं पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार के निर्देशन में आयोजित किया गया। इसमें फरसगांव पुलिस और यातायात बल का उन्हें सहयोग प्राप्त हुआ। स्वयंसेवकों ने लोगों को सडक सुरक्षा से जुडे विभिन्न पहलुओं पर ध्यान केंद्रित कराते हुए हेलमेट के उपयोग, सही दिशा में गाडी चलाने और सीट बेल्ट का प्रयोग आदि के सम्बंध में लोगों को जागरूक किया। इसके तहत लोगों को यातायात सुरक्षा नियमों के पालन के महत्व के प्रति जागरूक करने के लिए स्वयंसेवकों ने जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। उन्होंने सही तरीके से हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट बांधने और सड़क पर सही तरह से चलने के फायदों से लोगों को अवगत कराया।

## ग्रामीणों को साइबर एवं अन्य अपराधों से बचने दी गई जानकारी

# फरसगांव थाना पुलिस ने ग्राम भीरागांव में लगाया चलित थाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

कोंडागांव पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार के निर्देश पर जिले के सभी थाना क्षेत्रों में समय समय पर ग्रामों में चलित थाना लगाकर ग्रामीणों को ठगी से अपराधों से बचने जागरूक किया जा रहा है।

- गांव में आए अनजान व्यापारियों से सतर्क रहने दी गई समझाइस

इसी तारतम्य में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन और पुलिस अनुविभागीय अधिकारी फरसगांव अनिल कुमार विश्वकर्मा में मार्गदर्शन में थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भीरागांव में चलित थाना लगाया गया।

पुलिस अनुविभागीय अधिकारी , थाना प्रभारी सहित पुलिस दल के गांव में पहुंचने से ग्रामीणों में अत्यंत उत्साह देखा गया।



पुलिस अनुविभागीय अधिकारी अनिल कुमार विश्वकर्मा ने चलित थाना के माध्यम से उपस्तिथ ग्रामीणों से पुलिस में लंबित शिकायत, अपराध या अन्य मामलों की जानकारी लेकर मौके पर ही उनका निराकरण किया गया। साथ ही ग्रामीणों को साइबर ठगी, ऑनलाइन फ्रॉड, एटीएम फ्रॉड एवं महिला व बच्चों से संबंधित अपराधों के प्रति जागरूक किया गया एवं उनसे बचने के उपाय भी बताए गए। त्योहारी सीजन के दौरान अपराध से बचने गांव वालों को विभिन्न समझाइश दी गई। जिसमें फेरी लगाने वाले, सामान बेचने वाले या सोना चांदी व बर्तन साफ सफाई के नाम पर धोखाधड़ी करने वालों से सतर्क रहने हिदायत दिया गया। किसानों को मक्का खरीदी, धान खरीदी कर पैसा नहीं देकर ठगी करने वालों से भी सतर्क रहने समझाइश दी गई। गांव में कोई दुर्घटना होने पर तत्काल थाना में सूचित करने कहा गया।

चलित थाना के कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी फरसगांव उपनिरीक्षक नरेश कुमार साहू, प्रधान आरक्षक पंचूराम मरकाम सहित स्थानीय सरपंच, उपसरपंच, पंच सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे ।

## पिंकी गजेन्द्र राठौर सभापति ने छत्तीसगढ ग्रामीण बैंक में किया ध्वजारोहण

**कोण्डागांव।** कोंडागांव के क्षेत्र शामपुर में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर शान से लहराया तिरंगा। शापुमर के समस्त शासकीय कार्यालयों में ध्वजारोहण किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती पिंकी गजेन्द्र राठौर सभापति जनपत पंचायत माकडी के द्वारा जनपद प्राथमिक पाठशाला एवं छत्तीसगढ ग्रामीण बैंक में ध्वजारोहण किया गया। स्कूलों के बच्चों के द्वारा प्रभात रैली निकालकर वीर शहीदों को याद करते हुए अमर होने जयकारा का नारा लगाया गया। यह रैली बाजार पारा से होते हुए पंचायत भवन, लेम्स, सामुद्रायिक स्वास्थ्य केंद्र, आंगनबाडी केन्द्रों में जगह–जगह झंडा शान से फहराते हुए जनपद प्राथमिक शाला से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहुंची। इस मौके पर बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेल से अपना जौहर दिखाया गया।

## खबर संक्षेप

### सीएम ने दिए बेहतर उपचार के निर्देश



**जगदलपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने एमपीएम हॉस्पिटल में भर्ती भाजपा जिलाध्यक्ष रूपसिंह मंडावी की माता के स्वास्थ्य की जानकारी लेने पहुंचे। उन्होंने चिकित्सकों को बेहतर उपचार के निर्देश दिए।

### भाजपा जिलाध्यक्ष की माता को देखने अस्पताल पहुंचे वनमंत्री



**जगदलपुर।** भाजपा जिलाध्यक्ष रूप सिंह मंडावी की माता के रायपुर रिफर होने के पहले स्वास्थ्य की जानकारी लेने वनमंत्री केदार कश्यप एमपीएम अस्पताल पहुंचे। उन्होंने परिजनों से स्वास्थ्य के बारे में जानकारी लेकर बेहतर उपचार के बाद स्वस्थ होकर वापस आने की कामना की।

### गणतंत्र दिवस पर गांव में निकली प्रभात फेरी



**जगदलपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साड़गुड़ में गणतंत्र दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम आयोजित हुए और विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए गए। सबसे पहले प्रभात फेरी निकाली गई जो ग्राम पंचायत साड़गुड़ से होकर शहीद पदलम कश्यप की प्रतिमा के सामने माल्यार्पण कर समाप्त हुई। उसके पश्चात ध्वजारोहण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान प्राचार्य भावना बस्तियां, पूर्व सरपंच लखमू राम बघेल, जनपद सदस्य कनक दई, व्याख्याता नीरज दास, नेत्री पाढी, केदारनाथ शर्मा, उपेंद्र कुमार अग्निहोत्री, अंकित पाल, लक्ष्मी यादव ,बुद्धेश्वर ठाकुर, माया मिश्रा, नीतू बारला ,वीरेंद्र गायकवाड , संजय पांडे, ज्योति साहू एवं नीरज मिश्रा उपस्थित थे।

### शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री को सौंपा मांग पत्र



**जगदलपुर।** छ.ग. राज्य स्तरीय शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को मांग पत्र सौंपा। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि पंचायत की नियुक्ति के दौरान स्थानांतरित शिक्षकों की वरिष्ठता संविलियन निर्देशों के विपरीत किया जा रहा है। स्थानांतरित शिक्षकों के साथ एक नयी विसंगति को जन्म दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि प्रदेश के सभी जिलों में शिक्षकों का संविलियन 1 जुलाई 2018 को किया गया तथा संविलियन के पश्चात पंचायत की नियुक्ति के दौरान स्थानांतरित शिक्षकों की वरिष्ठता शिक्षा विभाग के नियमों के तहत न किया जाकर पंचायत के नियमों के तहत किया जा रहा है। जबकि छ.ग. शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय द्वारा जारी संविलियन निर्देश में स्पष्ट उल्लेख है कि शिक्षक (एल.बी.) संवर्ग को देय समस्त लाभ के लिये सेवा की गणना संविलियन से की जायेगी। जिससे बहुत से शिक्षकों की 15 से 20 वर्ष की सेवा संविलियन पश्चात भी शुन्य घोषित किया जा रहा है। इस दौरान विजय कुमार नायडू, संकेत कुमार शुक्ला, धर्मेन्द्र कुमेटी, राजेन्द्र पानीग्राही, खेतीमल दीवान, सुकरू राम बघेल समेत अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

### सरस्वती शिशु मंदिर में मनाया गया गणतंत्र दिवस

जगदलपुर। सरस्वती शिशु मंदिर कंगोली में कंगोली विद्यालय, धरमपुरा-3 विद्यालय एवं वेदमाता गायत्री शिक्षा महाविद्याल ने संयुक्त रूप से गणतंत्र दिवस मनाया। ध्वजारोहण चिकित्सक डॉ. खिलेश्वर सिंह एवं सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष दशरथ कश्यप के द्वारा किया गया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें देशभक्ति गीत एवं नृत्य विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किये।

## नवनिर्मित प्राथमिक स्कूल भवन का फीता काटकर किया उद्घाटन

# विधायक ने दुबेउमरगांव को दी 25 लाख के विकास कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड



बस्तर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत दुबेउमरगांव में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन मुख्य अतिथि लखेश्वर बघेल द्वारा किया गया।

सर्वप्रथम बस्तर विधायक लखेश्वर ने गांव में विराजी माता फिरंता मंदिर पहुंचकर दर्शन कर क्षेत्रवासियों की खुशहाली की कामना की ग्राम वासियों एवं माता बहनें द्वारा विधायक का भव्य स्वागत किया। बस्तर विधायक ने कहा की ग्राम दुबेउमरगांव में सर्वसमाज के लिए सामुदायिक भवन का भूमिपूजन कर लगातार बस्तर में हमनें लगभग सभी समाज को एक अच्छी पहल हेतु प्रेरणा लेकर आने वाले पीढ़ी के लिए एक अच्छी नींव रखने का काम कर रहा हुँ। दुबेउमरगांव फिरंता माता मंदिर स्थित प्रांगण पर रंगमंच का भूमिपूजन कर विधायक ने कहा कि हम सब सामाजिक प्राणी है समाज की संस्कृति व परंपराओं के अनुरूप हम अपना जीवन निर्वाह करते हैं हर समाज की अपनी संस्कृति व परंपरा है, जिससे उनकी अपनी पहचान है। विधायक ने पूरा किया सदियों पुराने फिरंता माता मंदिर परिसर के ऐतिहासिक व पौराणिक भवन हेतु जीर्णोद्वार और परिसर के कार्यों के लिए भूमि पूजन किया गया।

उन्होंने नवनिर्मित प्राथमिक स्कूल भवन का फीता काटकर उद्घाटन कर कहा कि शिक्षा मानव जीवन की अनमोल पूंजी है शिक्षा मनुष्य के लिए अति महत्पूर्ण है पढ़ाई कर अच्छा नागरिक बने तथा देश-समाज में अपनी भूमिका सुनिश्चत करें। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य एवं बस्तर ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गणेश राम बघेल, सरपंच रामया राम मौर्य, उप सरपच रूपेंद्र भंडारी, रुपेश चिराम, पूरन ठाकुर, लालू भारती, रमेश ठाकुर, पीला राम, डिगेश्वर उसेंडी सोभाराम मानिकपुरी रुपसिंग दीपक कश्यप, मनोज ठाकुर, तुलसीराम ठाकुर, राजेश कुमार, नरसिंह कश्यप, ईश्वर, धनसिंह, लुकेश,पार्वती, बुदरू, शोभाराम, कामता, तृप्ति, साँवली, निराशा, डमरू, संतु, कमलवती एवं समस्त कार्यकर्त्तागण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## सांसद और विधायकों ने स्व. लक्ष्मी नारायण देव को दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ शोकाकुल परिवारजनों से मिलकर संवेदना प्रगट की

सांसद चुन्नीलाल साहू ,विधायक नारायण चंदेल, लखेश्वर बघेल, प्रमोद मिंज, रोहित साहू और महिला आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक सुकमा पहुंचकर स्व. कुमार लक्ष्मी नारायण देव को श्रद्धांजलि दी तथा शोकाकुल परिवारजनों से मिलकर संवेदना प्रगट की। स्व. देव को श्रद्धांजलि देने प्रकाश बजाज, अभय भी सुकमा पहुंचे। उन्होंने चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित की। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में करण सिंह देव, कुमार जयदेव, किरण देव, विक्रम सिंहदेव और उनके परिजन सहित अनेक जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## हाईस्कूल मैदान में होगा 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



दंतेवाड़ा नगर में युग तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ 2 से 5 फरवरी 2024 को दंतेवाड़ा नगर के हाई स्कूल खेल मैदान में होना निर्धारित है। जिसकी तैयारी हेतु गायत्री परिजन जोरशोर से लगे हैं।

जिले के आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के लगभग 250 गायत्री परिवार के कर्मठ कार्यकर्ता यज्ञ तैयारी को अंतिम रूप देने व्यवस्था समिति के समस्त विभाग, यज्ञशाला, आवास सुरक्षा भोजनालय आदि समितियों की समीक्षा करने हेतु शांतिकुंज प्रतिनिधी उपजोन समन्वयक लेखराम साहू द्वारा गायत्री शक्तिपीठ दंतेवाड़ा में बैठक लिया गया साथ ही यज्ञ स्थल का निरीक्षण भी किया गया। गायत्री शक्तिपीठ की व्यवस्थापक गुरुबंधु सिन्हा ने बताया कि लगातार सभी कार्यकर्ता अपने-अपने दायित्व का निर्वहन पुनिष्ठा ईमानदारी के साथ कर रहे हैं आदि शक्ति मां दंतेश्वरी की पावन धारा में यह कार्यक्रम विगत एक दशक 20 वर्षों से भी अधिक पहले हुआ था।

एक एक पीढ़ी बीत जाने के बाद यह दंतेवाड़ा एवं आसपास के सभी लोगो के लिए स्वर्णिम अवसर आया है यहां पर 2 से 5 फरवरी इन चार दिनों में विभिन्न प्रकार के संस्कार गर्भधारण संस्कार मुंडनसंस्कार, दीक्षा संस्कार, विवाह संस्कार आदि पूर्ण रूप से संपन्न होंगे। सभी आगंतुकों के लिए निशुल्क भोजन और आवास की पूर्ण व्यवस्था है। हम लोगों को आवाहन कर रहे हैं कि इस महायज्ञ में सम्मिलित होकर अपने और अपने परिवार के जीवन को अनुग्रहित करें।

## गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्टा



धूर नक्सल प्रभावित क्षेत्र किस्टारम थाना के अंतर्गत डब्बामार्का गांव में सेवा दे रहे केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल सीआरपीएफ मुख्यालय में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ ग्रामीणों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बटालियन के कंमाडेंट दीपक कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में सहायक कंमाडेंट मनोज कुमार पांडे सहित बटालियन की ई/212 ने डब्बामार्का, किस्टाराम, जिला सुकमा में उपस्थित सभी अधिनस्थ अधिकारीगण एवं जवानों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर आम जनता के बीच मैत्री और सौहार्दपूर्वक संबंध बनाने के मकसद से एफओबी. डब्बामार्का में एक सिविक एक्शन प्रोग्राम, कंमाडेंट दीपक कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में आयोजित किया गया। जिसमें आम जनता को खेल-कूद की वस्तुएँ, कपड़े एवं खेती के लिए जैविक बीज वितरण किया गया। गांव की औरतों को सिलाई और बच्चों को कम्पयुटर सिखाने के लिए क्लासें शुरू की गई।

इसके अतिरिक्त बीमारी से ग्रस्त लोगों को उपस्थित मेडिकल स्टॉफ द्वारा चैक-अप के साथ-साथ मुफ्त में दवाईयां भी बांटी गई। इस प्रोग्राम में लगभग 220 की संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लिया। अन्त में कंमाडेंट द्वारा प्रोग्राम में आए हुए स्थानीय लोगों को अच्छे रहन-सहन व पढ़ाई के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा भाग लेने वाले स्थानीय लोगों को जलपान खाने का व्यवस्था किया गया था।

### सालातोंग के बच्चों व ग्रामीणों को कराया भोज

वहीं नक्सल प्रभावित क्षेत्र के सालातोंग गांव के स्कूली बच्चों व ग्रामीणों के साथ सीआरपीएफ 208 कोबरा बटालियन एवं बीएन 217 बटालियन ने गणतंत्र दिवस मनाया। इस अवसर पर स्कूल प्रांगण में स्कूली बच्चों एवमं ग्रामीणों को गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य पर भोजन कराते हुए सीआरपीएफ अधिकारियों ने गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ बच्चों व ग्रामीणों को दी। ज्ञात हो कि सीआरपीएफ कोबरा द्वारा समय-समय पर ग्रामीणों के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाते आये हैं।

## गांधी प्रतिमा और राजीव भवन में ध्वजारोहण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर व ग्रामीण ने गणतंत्र दिवस पर प्रभात फेरी निकालकर गोलबाजार स्थित गांधी प्रतिमा के समक्ष व राजीव भवन में शहर जिलाध्यक्ष सुशील मौर्य ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान महापौर सफिरा साहू, सभापति कविता साहू, पूर्व विधायक रेखचंद जैन, पूर्व जिलाध्यक्ष राजीव शर्मा, विधायक प्रत्याशी जतिन जायसवाल, महिला अध्यक्ष सरला तिवारी, अनवर खान, अगंद प्रसाद त्रिपाठी, रामकुमार झा, अतिरिक्त शुक्ला, राजकुमार दण्डवानी, सुभाष गुलाटी, नरेन्द्र तिवारी, एम वेंकट राव, सूर्यपानी, अब्दुल रशीद खान, ललिता राव, सुरेंद्र झा, संतोष यादव, जावेद खान, ज़ाहिद हुसैन, सेमियाल नाथ, अपर्णा बाजपेई, शहनाज बेगम, मोइन अख्तर, पापिया गाईन, आनंद शर्मा, सायमा अशरफ, अमरनाथ सिंह, दुर्योधन कश्यप, राजेश नेताम, नीलम कश्यप, एस नीला, सलीम अली, अंजना नाग,विक्रांत सिंह, अंकित सिंह, शादाब, कौशल नागवंशी, एम ज्योति राव समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### शिल्पी ने मनाया गणतंत्र दिवस

**जगदलपुर।** शिल्पी सांस्कृतिक संस्था ने गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ नेताजी की मूर्ति के समक्ष मनाया। नेताजी की मूर्ति में माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। दुलाल घोष, हरि माधव दास, दिशान चक्रवर्ती, मृणाल मलिक, असीम गईं, शेफाली सरकार, रानी शेरपा, भारती एवं शिल्पी के अध्यक्ष सुबीर नंदी ने गणतंत्र दिवस के विषय एवं शिल्पी संस्था की गतिविधियों के बारे में बतलाया। संचालन महासचिव संजीव सील ने किया। इस दौरान मैत्री संघ के उपाध्यक्ष देवव्रत, विद्या निकेतन प्राचार्य इंद्राणी नंदी, बंग समाज के अध्यक्ष मनोरंजन राय, शांतनु नाथ, संजय चंद्रा, प्रतिमा राय व अन्य उपस्थित थे।



### मुक्ति मोर्चा के पासपोर्ट कार्यालय की मांग को लेकर दिल्ली तक किए संघर्ष रंग लाया

**जगदलपुर।** शहर में पासपोर्ट कार्यालय को लेकर लंबे समय से बस्तर की जनता की मांग को लेकर दिल्ली तक बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के संयोजक नवनीत चांद एवं मोर्चा के पदाधिकारियों का परिश्रम रंग लाया। नवनीत ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते बताया कि बस्तर विकास के लिए बुनियादी सुविधाओं के विस्तार को लेकर हमने अनेक स्तर पर संघर्ष किया है। पासपोर्ट कार्यालय को लेकर भी मोर्चा संघर्ष किया गया। रायपुर से दिल्ली में विदेश मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय पासपोर्ट कार्यालय प्रभारी लेफ्टिनेंट अशोक कुमार एवं भारतीय डाक बिजनेस डेवलपमेंट महाप्रबंधक प्रणव कुमार से भेंट कर विदेश मंत्री अजय शंकर के नाम ज्ञापन सौंपा गया था। पासपोर्ट कार्यालय के उद्घाटन के रास्ते में आ रही समस्याओं एवं अन्य सुविधाओं पर चर्चा की गई थी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अब मुख्यमंत्री द्वारा पासपोर्ट कार्यालय के लोकार्पण के बाद बस्तर की जनता लाभांवित होंगे। पासपोर्ट के लिए 300 से 400 किलोमीटर भटकना नहीं पड़ेगा।



### गणतंत्र दिवस पर उत्कृष्ट अभिकर्ताओं का सम्मान ...




**जगदलपुर।** भारतीय जीवन बीमा निगम कार्यालय धरमपुरा में 26 जनवरी को वरिष्ठ शाखा प्रबंधक राजेन्द्र भारती ने ध्वज फहराया। उन्होंने गणतंत्र दिवस के महत्व पर उपयोगी जानकारियां दी। उसके बाद उत्कृष्ट कार्य करने वाले अभिकर्ताओं का ट्राफी और मेडल के साथ सम्मान हुआ। संचालन प्रशासनिक अधिकारी राजेन्द्र पवार तथा शिवशंकर पिल्ले ने किया। शाखा प्रबंधक विक्रय अभिषेक जैन तथा प्रशासनिक अधिकारी थामस फिलिप ने मुख्य पॉलिसियों के बारे में जानकारी देकर अधिक आय अर्जित करने की बात कही। इस मौके पर विकास अधिकारी, मुख्य जीवन बीमा सलाहकार, अभिकर्ता तथा कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा बच्चे बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## कमांडेंट ने कहा नक्सल क्षेत्र के युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ें



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

75 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर धर्मेन्द्र कुमार झा कमांडेंट 165 वीं वाहिनी के.रि.पु. बल के नेतृत्व में मुख्यालय, फुण्डरी, बीजापुर कैंपस के प्रांगण में क्वार्टर गार्ड पर झंडा फहराया गया।

साथ ही अनेक वीर जवानों को प्राप्त वीरता पदक व अन्य अलंकरणों को पढ़कर सुनाया गया। तत्पश्चात गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देने के साथ ही अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों एवं जवानों को कठिन परिस्थितियों में अपने कर्तव्यों को निर्वहन करने हौसला बढ़ाया। जवानों के मध्य मिष्ठान वितरण कर गणतंत्र दिवस के महत्व को रेखांकित किया गया। संध्याकाल में मुख्यालय बॉलीबाल मैच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सी 165 समवाय टीम विजेता रही।

प्रतियोगिता के खिलाडियों को पुरूस्कार से सम्मानित किया गया। कमांडेंट ने कहा कि 165 वीं वाहिनी, केरिपुबल, बीजापुर छ.ग का यह निरन्तर प्रयास है कि छत्तीसगढ़ जैसे अति संवेदनशील नक्सल प्रभावित क्षेत्र को सरकार की नीतियों के तहत युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ना और जागरूकता व समन्वयता को बढ़ाना है।

## जगदलपुर बना चैंपियन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

एफसीसी के तत्वावधान में आयोजित अंतरराज्यीय ड्यूज बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता बेसोली फरसागुड़ा में गणतंत्र दिवस के अवसर पर सम्पन्न हुआ।

फाइनल मुकाबले में मुख्य अतिथि वनमंत्री केदार कश्यप, पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, जिप अध्यक्ष वेदवती कश्यप, संतोष बघेल, निर्देश दीवान, उमाकांत कश्यप ने विजेता टीम जगदलपुर लालबाग को 51 हजार नगद व ट्राफी एवं उपविजेता भोपालपटनम टीम को 31 हजार नगद व ट्राफी समेत विभिन्न पुरस्कार प्रदान किए। वनमंत्री ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते कहा क्षेत्र का विकास हमारी पहली प्राथमिकता है। साथ ही खेल और खिलाड़ियों के लिये भी बेहतर अवसर देने और राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर तक बस्तर के खिलाड़ी पहुंचे इसलिए भी हम प्रयास करेंगे।

फाइनल मुकाबले में लालबाग ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करते हुए 16.4 गेंद में 95 रनो पर भोपालपटनम को आलआउट किया। जिसमें रविन्द्र ने पहले ओवर के 4 गेंदों में 2 रन देकर 2 विकेट हासिल किए, जयदीप ने 3 ओवर में 20 रन देकर 3 विकेट, कौशलेंद्र ने 4 ओवर में 26 रन देकर 2 विकेट लिए। लक्ष्य हासिल करने लालबाग के बल्लेबाजों ने धाकड़ बल्लेबाजी करते हुए 51 गेंदों में 2 छक्के के मदद से 41 रन बनाकर नाबाद रहे। अक्की ने 12 गेंदों में 3 चौके लगाकर 12 रन बनाए। लालबाग ने 17.1 गेंदों में 4 विकेट खोकर जीत दर्ज किया। फाइनल मैच में मेन आफ द मैच लालबाग के कौशलेंद्र राठौर रहे, मेन आफ द सीरीज सागर शर्मा, बेस्ट बैट्समैन अक्षय सिंह रहे। बेस्ट कैच विल्सन डेविड भोपालपटनम रहे। एम्पायर आरिफ खान, ललित पांडेय, स्कोरर महेंद्र देवांगन, टिकेश नाग, बलराज, दिपांसु, कमेंट्रेटर तुलसु कश्यप, रविन्द्र पाणिग्राही, वीरेंद्र दीवान, सजंय जोशी रहे।

इस दौरान खितेश मौर्य, राजेश सागर, गौरव कशयप, रिंटू रंगारी, हीरालाल देवांगन, गणेश मरकाम,समलू मौर्य, रविकिसन, राहुल ठाकुर, रितेश यादव, कमलेश दीवान, भूपेंद्र दीवान, कोमल चौहान, महेश देवांगन, ओमप्रकाश, नागेश्वर चौहान, रामप्रसाद मौर्य, आसमन बघेल, अंशु चौहान, प्रदिप जोशी, रवि गुप्ता, सूरज गुप्ता,दीपेंद्र कश्यप, दीपांशु कश्यप, प्रवीण कश्यप, सोनू मौर्य, राहुल रंगारी, अखिलेश रंगारी, दीपक गुप्ता, चंद्रकांत धुरव, भुनेश्वर मौर्य सहित एफसीसी के सदस्य उपस्थित रहे।

## नक्सल प्रभावित क्षेत्र के 9 कैंप में शान से लहराया तिरंगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग अन्तर्गत संयुक्त रूप से पुलिस बल द्वारा सभी संवेदनशील नक्सल प्रभावित एरिया में अमन, शांति और सुरक्षा बरकरार रखते हुए नक्सल गतिविधियों पर अंकुश लगाये जाने विगत 15 अगस्त 2023 से लेकर 26 जनवरी 2024 तक की अवधि में 9 नवीन सुरक्षा कैंप स्थापित किए गए। जिसमें बीजापुर अंतर्गत पालनार, डुमरी पालनार, चिंतावागु, कावडगांव एवं सुकमा अंतर्गत मूलेर, परिया, सलातोंग, मुकराजकोंडा, दुलेड है। उक्त सभी कैंप भी एक समग्रित विकास केंद्र के रूप में कार्य कर रहे है। इन सभी स्थानों में आजादी के बाद से बिना किसी भय के वातावरण के राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस पूरे शान से बनाते हुए तिरंगा फहराया गया। इन सभी नवीन स्थापित कैंपों में तैनात पुलिस और सुरक्षा बलों के द्वारा ग्रामीणों की उपस्थिति में ध्वजारोहण करते हुए उन्हें गणतंत्र दिवस का महत्व और गौरव गाथा बताते हुए सभी लोगों को मिष्ठान, बच्चों को चाकलेट, मिठाई वितरण गया। सुन्दरराज पी. पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज ने बताया कि बस्तर पुलिस एवं क्षेत्र में तैनात बटालियनों द्वारा क्षेत्र की शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु शासन के दिशा निर्देशों तथा स्थानीय प्रशासन से समन्वय स्थापित करते हुये लगातार कार्य किया जा रहा है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर इस दिशा में हमारा संकल्प और ज्यादा मजबूत होगा।


सुमीत बाजार
25 Jan to 31 Jan 2024
₹ 126* में
फैशन परेड।
बाजार मूल्य ₹699 प्रति पीस
ब्रांडेड बैगपैक
₹ 126 में
₹1999 की खरीदी पर
बाजार मूल्य ₹699 प्रति पीस
एक्सपोर्ट क्वलिटी चटाई
5 x 7 size
₹ 126 में
₹2999 की खरीदी पर
बाजार मूल्य ₹1499 प्रति पीस वाली
ब्रांडेड डबलबेड बेडशीट सेट
₹ 126 में
₹3999 की खरीदी पर
बाजार मूल्य ₹2999 प्रति पीस वाला
नोटिका ब्रांड डफल बैग
₹ 126 में
₹6999 की खरीदी पर
ट्रेवल ट्रॉली डफल बैग + किंगसाईज डबलबेड बेडशीट सेट
size 108 x 108
₹ 126 में
₹14999 की खरीदी पर
*condition apply
ऑफर स्टॉक रहने तक
ऑफर निश्चित खरीदी पर लागू
ऑफर आयटम समाप्त होने पर उसके स्थान पर दूसरा आयटम दिया जा सकता है
मेन्स • किड्स • टीन्स • पार्टीवियर • हैण्डलूम एवं गृह उपयोगी सामान
रायपुर
बैजनाथ पारा • सिटी सेंटर मॉल के बाजू, पंडरी • 139-140 टैक्सटाईल मार्केट, पंडरी • न्यू राजेन्द्र नगर • गली नं. 2, कटोरा तालाब मेन रोड, लाखेनगर • मंगल बाजार, गुढ़ियारी • कर्मा चौक के पास, रामनगर • मेन रोड, बिरगांव • बोरिया रोड, संतोषी नगर रायपुरा हास्पिटल के सामने, महादेव घाट • तेंदुआ रोड, हीरापुर • आरंग - स्टेट बैंक के बाजू, मेन रोड
सत्यम टॉकिज के पास, लिंक रोड, बिलासपुर • सुधीर एक्सरे के सामने, सुपेला भिलाई • उमदा रोड, सिरसा गेट, भिलाई-3 • गुरूद्वारा रोड, दुर्ग • सुमीत जंक्शन, पुलगांव चौक, दुर्ग मंडी परिसर, बसंतपुर रोड, राजनांदगांव • स्टेशन रोड, डोंगरगढ़ • अरोरा काम्प्लेक्स, दुर्ग रोड, बेमेतरा • लोहारा रोड, कवर्धा • बिलासपुर रोड, सिमगा • मेन रोड, महासमुंद गुरूद्वारा के सामने, सराईपाली • दुर्ग रोड, बालोद • मेन रोड, बागबाहरा • गंज रोड, नवापारा राजिम • बलौदा बाजार रोड, खरोरा • ऊपर-नीचे रोड के पास, कांकेर बस स्टैण्ड के सामने मेन रोड, कोण्डागांव • सिटी सेंटर, भाटापारा • मेन रोड, नुआपाड़ा • मेन रोड, खरियार रोड, उड़ीसा
ऑफर 31 जनवरी 2024 तक लागू है